# श्री पीताम्बरा आश्रम में आध्यात्मिक समागम ने बहायी श्रृद्धा भक्ति की धाराएं

■ संकीर्तन, दीपदान और शनि प्रदोष महोत्सव में देर रात तक जमे रहे श्रृद्धालु

**बांसवाड़ा,** गायत्री मण्डल द्वारा संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में आध्यात्मिक संकीर्तन समागम एवं प्रदोष महोत्सव शनिवार देर रात सम्पन्न हुआ।

इसमें धनतेरस के उपलक्ष्य में इस्कॉन की बांसवाड़ा इकाई एवं गायत्री मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में आध्यात्मिक समागम, भगवन्नाम संकीर्तन तथा दीपदान उत्सव हुआ।

इस अवसर पर इस्कॉन के अनुराग प्रभु (अहमदाबाद) ने भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए दामोदर मास कार्तिकोत्सव महिमा पर विस्तार से चर्चा की और इसके महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए धार्मिक परम्पराओं से जुड़ने और सहभागिता निभाने का आ ान किया। इस्कॉन प्रतिनिधियों का अभिनन्दन

गायत्री मण्डल की ओर से पं. मनोहर एच. जोशी एवं पं. मधुसूदन व्यास ने भक्तों का स्वागत किया तथा अनुराग प्रभु (अहमदाबाद), अभिनन्दन प्रभु एवं विश्वात्मा प्रभु को पुष्पहार, पगड़ी एवं उपरणा पहनाकर अभिनन्दन किया। इस्कान की बांसवाड़ा इकाई की साधिकाओं का भी अभिनन्दन किया गया।

इस्कॉन द्वारा आयोजित संकीर्तन उत्सव में साधकों एवं साधिकाओं ने लोकवाद्यों की धुनों पर थिरकते हुए भजनों की सुरीली तान पर मनोहारी नृत्य प्रवाह से माहौल में श्रृद्धा और भक्ति का ज्वार उमड़ाते हुए भावविभोर कर दिया।

दीपदान उत्सव में भजनों के माधुर्य गान के साथ दीप श्रृंखलाएं सजा कर दीप दान किया गया। इसमें बड़ी सं्रख्या में दीपक प्रज्वलित कर दैवीय आराधना का क्रम पूर्ण किया गया।

शनि प्रदोष पर यजुर्वेदीय विधान से रूद्राभिषेक

इससे पूर्व शनि प्रदोष महोत्सव पं. मनोहर एच. जोशी के आचार्यत्व में हुआ। इसमें मुख्य साधक अरुण व्यास एवं श्रीमती रचना व्यास ने यजुर्वेदीय विधान से शिवार्चन अनुष्ठान किया और विभिन्न दिव्य उपचारों से नर्मदेश्वर शिव का पूजन-अर्चन एवं रूद्राभिषेक किया।

शैव आरती एवं पुष्पान्जलि विधान में मण्डल के पदाधिकारियों, सदस्यों, आश्रम के साधकों एवं साधिकाओं तथा शिवभक्तों ने हिस्सा लिया। आश्रम परिसर स्थित दैव प्रतिमाओं का मनोहारी श्रृंगार एवं विशेष पूजन-अर्चन किया गया। दिन में धन्वन्तरि जयन्ती मनाई गई।

## पटाखा दुकानों पर की कार्यवाही

उदयपुर, । शहर के सब सिटी सेंटर इलाके में रविवार को पटाखा व्यापारियों द्वारा रोड पर लगाई गई स्टॉल्स पर नगर निगम ने कार्रवाई की। निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने सभी दुकानों को चेक किया। टीम ने 6 दुकानों पर चालान काटे और बाहर रखा सामान जब्त किया। सभी दुकान संचालकों ने अपनी स्टॉल्स के बाहर टेंट लगाकर अस्थाई तौर पर अतिक्रमण कर रखा था। निगम ने सभी दुकानदारों को अब स्टॉल्स नहीं लगाने की हिदायत दी। नगर निगम के आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर निगम टीम ने सब सिटी सेंटर से इनकम टैक्स ऑफिस रोड पर चाहत पटाखा, सिया पटाखा,न्यू लक्ष्मी पटाखा ट्रेडर्स,साईराम पटाखा,सियाराम पटाखा समेत कई दुकानों पर कार्रवाई की । टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त किया।

## मोबाइल शॉप में लगी भीषण आग

उदयपुर, । रविवार को यूनिवर्सिटी रोड स्थित एक मोबाइल शॉप में आग लग गई,आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान लपटों से घिर गई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। शहर के यूनिवर्सिटी रोड पर बेकनी पुलिया क्षेत्र में रविवार अलसुबह एक मोबाइल शॉप में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान लपटों से घिर गई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। घटना सुबह लगभग 5 बजे की है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की वजह मानी जा रही है। सुबह दुकान से धुआं उठता देखकर स्थानीय लोगों ने स्थिति संभालने की कोशिश की। लोगों ने मिलकर पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखे सभी मोबाइल फोन, चार्जर, इयरफोन, मोबाइल कवर,एसेसरीज और फर्नीचर आदि पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुके थे। आग से दुकान का शटर,दीवारें और अंदर का पूरा स्ट्रक्चर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय क्षेत्र में सन्नाटा था।

(प्रपत्र संख्या-7)
(देखिये नियम 21 )

### कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)

### नोटिस

पत्रावली संख्या:- 190/2025/3835 दिनांक 16/10/25

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 (2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियो को

चूकि श्री लक्ष्मीलाल जैन, अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-23 के अन्तर्गत श्री दिगम्बर जैन दशा नरसिंहपुरा समाज सोश्यल ग्रुप चेरिटेबल ट्रस्ट, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में प्रन्यासी परिवर्तन को दर्ज किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 (तीस) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।

ओर यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनाक 17/10/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आगामी पेशी तारीख 18/10/25. की रखी गयी है।

(जतीन कुमार गाँधी)
सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर


दीपावली एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं
जय गुरूदेव इंटरप्राइजेज
बी क्लास कान्ट्रेक्टर पीडब्ल्यूडी
वीरांगना टॉकिज के सामने, बांसवाड़ा
9414101344, 9414102344, 02962-242944, 240344
संबंधित फर्म
त्रिवेदी एण्ड कंपनी, बांसवाड़ा क्वारी वर्क्स, त्रिवेदी मेटेरियल सप्लायर्स, क्रेशर गिट्टी के निर्माता एवं विक्रेता


दीपावली एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं
कोठारी इन्टरप्राइजेज
मयूर मूंगफली व चेतक सोया तेल के थोक विक्रेता
प्रो. मुकेश कोठारी
कस्टम चौराहा, बांसवाड़ा, राज. 327001

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रमाणित
ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा
प्रधान कार्यालय:खादी आश्रम,रातीतलाई,बांसवाड़ा
फोन:02962(ऑ)243518(मंत्री नि.)मो.9461574190
खादी उत्पादन केन्द्र, बागीदौरा,बांसवाड़ा | हमारे मुख्य उत्पादन केन्द्र | लुहारी उद्योग केन्द्र, रातीतलाई ,बांसवाड़ा
बिक्री केन्द्र
■ खादी भण्डार, पुरानी सब्जी मण्डी, बांसवाड़ा ■ खादी मंदिर, रातीतलाई, बांसवाड़ा ■ खादी निकेतन बागीदौरा, बांसवाड़ा ■ खादी ग्रामोद्योग भण्डार, घाटोल बांसवाडा ■केन्द्रीय खादी ग्रामोद्योग वस्त्रागार रातीतलाई, बांसवाड़ा ■ लुहारी उद्योग रातीतलाई, बांसवाड़ा
खादी पर विशेष छूट 25 प्रतिशत संस्था की ओर से
श्रीमती मृदुला अध्यक्ष | डॉ. महावीर लाल जैन उपाध्यक्ष | इच्छाशंकर शर्मा मंत्री

All Pupils Best Wishes for Students, Guardians Well Wishes & All Staff for Best RESULT
Happy New Year
ज्ञान स्वयमेव विद्यमान है, मनुष्य केवल उसका आविष्कार मात्र करता है
विद्ययाऽमृतमश्नुते
C. B. S. E. School
B.V.B.
Senior Secondary
Affliated to C.B.S.E., New Delhi, No.: 1730409
Phone: 02962-241050
B.V.B. Sr. Sec. School
(R.B.S.E. AJMER)
Science, Commerce, Arts
3/14, Khandu Colony, Banswara Ph.:257340
B.V.B. T. T. College
Banswara 248577
All Management & Saroj Nagawat















दीपावली एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई
नाकोड़ा डिस्ट्रीब्यूटर्स
वागड़ कॉम्प्लेक्स मोहन कॉलोनी, बांसवाड़ा
सर्जिकल, दवाइयों के थोक विक्रेता
फोन : 241537

















